# 8 धातु-रूप
## ( परस्मैपद, आत्मनेपद तथा उभयपद के धातुओं के रूप )

जिस शब्द के द्वारा किसी काम का करना या होना पाया जाता है, उसे क्रिया कहते हैं। संस्कृत की क्रियाएँ जिन मूल (सबसे पहले के) रूपों से बनती हैं, उन्हें धातु कहते हैं। **जैसे–** पठति– पढ़ता है, में पढ़ने का होना पाया जाता है। अत: 'पठति' क्रिया है। यह 'पठ्' मूल से बनती है, अत: पठ् धातु है।

### क्रिया के भेद

कर्म के अनुसार क्रिया के दो भेद होते हैं– १. सकर्मक और २. अकर्मक।

**(१) सकर्मक–** जिन क्रियाओं के व्यापार का फल कर्त्ता को छोड़कर किसी अन्य पर पड़ता है, उन्हें सकर्मक कहते हैं। क्रिया के आगे 'क्या' अथवा 'किसको' लगाने पर उत्तर में आनेवाला शब्द 'कर्म' होता है। **जैसे–** राम: पुस्तकं पठति– राम पुस्तक पढ़ता है, में 'पठति' क्रिया का फल 'पुस्तकम्' पर पड़ रहा है और क्या पढ़ता है? के उत्तर में भी 'पुस्तकम्' आता है, अत: 'पुस्तक' कर्म और 'पठति' सकर्मक क्रिया है।

**(२) अकर्मक–** जिन क्रियाओं का फल कर्त्ता पर ही पड़ता है, वे अकर्मक क्रियाएँ कही जाती हैं। **जैसे–** राम: शेते– राम सोता है, में सोने का फल राम पर है; अत: 'शेते' क्रिया अकर्मक है। लज्जा (लजाना), सत्ता (होना), स्थिति (ठहरना), जागरण (जागना), वृद्धि (बढ़ना), क्षय (घटना), भय (डरना), जीवित (जीना), मरण (मरना), शयन (सोना), क्रीड़ा (खेलना), रुचि (इच्छा), दीप्ति (प्रकाश) अर्थ रखनेवाली धातुएँ प्राय: अकर्मक होती हैं।

### लकार

प्रत्येक क्रिया किसी-न-किसी समय में होती है। इस काल को सूचित करने के लिए संस्कृत में दस लकारों की कल्पना की गयी है। ये लकार हैं– लट्, लृट्, लङ्, लुङ्, लिट्, लोट्, लिङ् लकार (विधिलिङ् एवं आशीर्लिङ्) लुट, लृङ्, लेट् किन्तु, पाठ्यक्रमानुसार यहाँ केवल लट्, लङ्, लृट्, लोट्, विधिलिङ्– इन पाँच लकारों का ही विवेचन किया गया है।

**(१) लट्–** वर्तमान काल– इसका प्रयोग वर्तमान काल में होनेवाले किसी भी कार्य को बताने के लिए होता है। **जैसे–** स: पठति– वह पढ़ता है।

**(२) लृट्–** सामान्य भविष्यत् काल को प्रकट करने के लिए इसका प्रयोग होता है। **जैसे–** स: गृहं गमिष्यति– वह घर जायेगा।

**(३) लङ्–** जो क्रिया आज से पूर्व हो चुकी हो, उसमें इस लकार का प्रयोग होता है। **जैसे–** राम: गृहम् अगच्छत्– राम घर गया।

**(४) लोट्–** आज्ञा, प्रार्थना, अनुमति, आशीर्वाद आदि अर्थों में इसका प्रयोग होता है। **जैसे–** स्वगृहं गच्छ– अपने घर जाओ (आज्ञा)।

**(५) विधिलिङ्–** सामान्यतया 'चाहिए' के अर्थ में इस लकार का प्रयोग होता है। **जैसे–** सत्यं ब्रूयात्– सत्य बोलना चाहिए।

पाठ्यक्रमानुसार इन लकारों में कुछ धातुओं के रूप यहाँ दिये जा रहे हैं। उन्हीं के अनुसार अनेक अन्य धातुओं के रूप चलाये जाते हैं। पद के अनुसार धातुएँ (क्रियाएँ) तीन प्रकार की होती हैं– (१) परस्मैपदी, (२) आत्मनेपदी, (३) उभयपदी।

**१– परस्मैपदी–** वाक्य में जिस धातु का फल कर्त्ता को न मिले, किसी दूसरे को मिले, उसे परस्मैपदी कहते हैं। **जैसे–** मोहनः पठति। इस वाक्य में पढ़ने का फल मोहन को न मिलकर दूसरे को मिलता है, जिसके लिए वह पढ़ रहा है।

**२– आत्मनेपदी–** वाक्य में जिस धातु का फल कर्त्ता को मिले, उसे आत्मनेपदी कहते हैं। **जैसे–** अहं भुञ्जे– मैं खाता हूँ। इस वाक्य में खाने का फल 'अहम्' कर्त्ता को मिल रहा है।

**३– उभयपदी–** वाक्य में जिस धातु का फल कर्त्ता को और दूसरे को भी मिले, उसे उभयपदी कहते हैं। **जैसे–** अध्यापकः कथयति– अध्यापक कहता है। इस वाक्य में कहने का फल अध्यापक को मिलता है और उसके लिए भी जिससे कहा गया है।

## धातु-रूप (परस्मैपदी)

### १. पठ् (पढ़ना)

#### लट् लकार

| पुरुष | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | पठति | पठतः | पठन्ति |
| म० पु० | पठसि | पठथः | पठथ |
| उ० पु० | पठामि | पठावः | पठामः |

#### लङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | अपठत् | अपठताम् | अपठन् |
| म० पु० | अपठः | अपठतम् **[2006 BI]** | अपठत |
| उ० पु० | अपठम् | अपठाव | अपठाम |

#### लृट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | पठिष्यति | पठिष्यतः | पठिष्यन्ति |
| म० पु० | पठिष्यसि | पठिष्यथः | पठिष्यथ |
| उ० पु० | पठिष्यामि | पठिष्यावः | पठिष्यामः |

#### लोट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | पठतु | पठताम् | पठन्तु |
| म० पु० | पठ | पठतम् | पठत |
| उ० पु० | पठानि | पठाव | पठाम |

#### विधिलिङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | पठेत् | पठेताम् | पठेयुः |
| म० पु० | पठेः | पठेतम् | पठेत |
| उ० पु० | पठेयम् | पठेव | पठेम |

## २. गम्, गच्छ (जाना)

### लट् लकार

| पुरुष | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | गच्छति | गच्छत: | गच्छन्ति |
| म० पु० | गच्छसि | गच्छथ: | गच्छथ |
| उ० पु० | गच्छामि | गच्छाव: | गच्छाम: |

### लङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | अगच्छत् | अगच्छताम् | अगच्छन् |
| म० पु० | अगच्छ: | अगच्छतम् | अगच्छत |
| उ० पु० | अगच्छम् | अगच्छाव | अगच्छाम |

### लृट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | गमिष्यति | गमिष्यत: | गमिष्यन्ति |
| म० पु० | गमिष्यसि | गमिष्यथ: | गमिष्यथ |
| उ० पु० | गमिष्यामि | गमिष्याव: | गमिष्याम: |

### लोट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | गच्छतु | गच्छताम् | गच्छन्तु |
| म० पु० | गच्छ | गच्छतम् | गच्छत |
| उ० पु० | गच्छानि | गच्छाव | गच्छाम |

### विधिलिङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | गच्छेत् | गच्छेताम् | गच्छेयु: |
| म० पु० | गच्छे: | गच्छेतम् | गच्छेत |
| उ० पु० | गच्छेयम् | गच्छेव | गच्छेम |

## ३. अस् (होना)

### लट् लकार

| पुरुष | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | अस्ति | स्त: | सन्ति |
| म० पु० | असि | स्थ: | स्थ |
| उ० पु० | अस्मि | स्व: | स्म: |

### लङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | आसीत् | आस्ताम् | आसन् |
| म० पु० | आसी: | आस्तम् | आस्त |
| उ० पु० | आसम् | आस्व | आस्म |

### लृट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | भविष्यति | भविष्यत: | भविष्यन्ति |
| **म० पु०** | भविष्यसि | भविष्यथ: | भविष्यथ |
| **उ० पु०** | भविष्यामि | भविष्याव: | भविष्याम: |

### लोट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | अस्तु | स्ताम् | सन्तु |
| **म० पु०** | एधि | स्तम् | स्त |
| **उ० पु०** | असानि | असाव | असाम |

### विधिलिङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | स्यात् | स्याताम् | स्यु: |
| **म० पु०** | स्या: | स्यातम् | स्यात |
| **उ० पु०** | स्याम् | स्याव | स्याम |

## ४. शक् (सकना)

### लट् लकार

| **पुरुष** | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | शक्नोति | शक्नुत: | शक्नुवन्ति |
| **म० पु०** | शक्नोषि | शक्नुथ: | शक्नुथ |
| **उ० पु०** | शक्नोमि | शक्नुव: | शक्नुम: |

### लङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | अशक्नोत् | अशक्नुताम् | अशक्नुवन् |
| **म० पु०** | अशक्नो: | अशक्नुतम् | अशक्नुत |
| **उ० पु०** | अशक्नवम् | अशक्नुव | अशक्नुम |

### लृट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | शक्ष्यति | शक्ष्यत: | शक्ष्यन्ति |
| **म० पु०** | शक्ष्यसि | शक्ष्यथ: | शक्ष्यथ |
| **उ० पु०** | शक्ष्यामि | शक्ष्याव: | शक्ष्याम: |

### लोट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | शक्नोतु | शक्नुताम् | शक्नुवन्तु |
| **म० पु०** | शक्नुहि | शक्नुतम् | शक्नुत |
| **उ० पु०** | शक्नवानि | शक्नवाव | शक्नवाम |

### विधिलिङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | शक्नुयात् | शक्नुयाताम् | शक्नुयुः |
| **म० पु०** | शक्नुयाः | शक्नुयातम् | शक्नुयात |
| **उ० पु०** | शक्नुयाम् | शक्नुयाव | शक्नुयाम |

### ५. प्रच्छ्, पृच्छ् (पूछना)

### लट् लकार

| **पुरुष** | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | पृच्छति | पृच्छतः | पृच्छन्ति |
| **म० पु०** | पृच्छसि | पृच्छथः | पृच्छथ |
| **उ० पु०** | पृच्छामि | पृच्छावः | पृच्छामः |

### लङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | अपृच्छत् | अपृच्छताम् | अपृच्छन् |
| **म० पु०** | अपृच्छः | अपृच्छतम् | अपृच्छत |
| **उ० पु०** | अपृच्छम् | अपृच्छाव | अपृच्छाम |

### लोट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | पृच्छतु | पृच्छताम् | पृच्छन्तु |
| **म० पु०** | पृच्छ | पृच्छतम् | पृच्छत |
| **उ० पु०** | पृच्छानि | पृच्छाव | पृच्छाम |

### विधिलिङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | पृच्छेत् | पृच्छेताम् | पृच्छेयुः |
| **म० पु०** | पृच्छेः | पृच्छेतम् | पृच्छेत |
| **उ० पु०** | पृच्छेयम् | पृच्छेव | पृच्छेम |

### लृट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | प्रक्ष्यति | प्रक्ष्यतः | प्रक्ष्यन्ति |
| **म० पु०** | प्रक्ष्यसि | प्रक्ष्यथः | प्रक्ष्यथ |
| **उ० पु०** | प्रक्ष्यामि | प्रक्ष्यावः | प्रक्ष्यामः |

## धातु-रूप (आत्मनेपदी)

### लभ् (पाना)

### लट् लकार

| **पुरुष** | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | लभते | लभेते | लभन्ते |
| **म० पु०** | लभसे | लभेथे | लभध्वे |
| **उ० पु०** | लभे | लभावहे | लभामहे |

### लृट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | लप्स्यते | लप्स्येते | लप्स्यन्ते |
| म० पु० | लप्स्यसे | लप्स्येथे | लप्स्यध्वे |
| उ० पु० | लप्स्ये | लप्स्यावहे | लप्स्यामहे |

### लोट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | लभताम् | लभेताम् | लभन्ताम् |
| म० पु० | लभस्व | लभेथाम् | लभध्वम् |
| उ० पु० | लभै | लभावहै | लभामहै |

### लङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | अलभत | अलभेताम् | अलभन्त |
| म० पु० | अलभथा: | अलभेथाम् | अलभध्वम् |
| उ० पु० | अलभे | अलभावहि | अलभामहि |

### विधिलिङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | लभेत | लभेयाताम् | लभेरन् |
| म० पु० | लभेथा: | लभेयाथाम् | लभेध्वम् |
| उ० पु० | लभेय | लभेवहि | लभेमहि |

## धातु-रूप (उभयपदी)

### १. याच् (माँगना)

| | (परस्मैपदी) | | | (आत्मनेपदी) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लट् लकार | | | लट् लकार | | |
| **पुरुष** | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** | **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
| प्र० पु० | याचति | याचत: | याचन्ति | याचते | याचेते | याचन्ते |
| म० पु० | याचसि | याचथ: | याचथ | याचसे | याचेथे | याचध्वे |
| उ० पु० | याचामि | याचाव: | याचाम: | याचे | याचावहे | याचामहे |
| | लोट् लकार | | | लोट् लकार | | |
| प्र० पु० | याचतु | याचताम् | याचन्तु | याचताम् | याचेताम् | याचन्ताम् |
| म० पु० | याच | याचतम् | याचत | याचस्व | याचेथाम् | याचध्वम् |
| उ० पु० | याचानि | याचाव | याचाम | याचै | याचावहै | याचामहै |

### लङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | अयाचत् | अयाचताम् | अयाचन् |
| **म० पु०** | अयाचः | अयाचतम् | अयाचत् |
| **उ० पु०** | अयाचम् | अयाचाव | अयाचाम |

### विधिलिङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | याचेत् | याचेताम् | याचेयुः |
| **म० पु०** | याचेः | याचेतम् | याचेत |
| **उ० पु०** | याचेयम् | याचेव | याचेम |

### लृट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | याचिष्यति | याचिष्यतः | याचिष्यन्ति |
| **म० पु०** | याचिष्यसि | याचिष्यथः | याचिष्यथ |
| **उ० पु०** | याचिष्यामि | याचिष्यावः | याचिष्यामः |

### लङ् लकार

| | | |
|---|---|---|
| अयाचत | अयाचेताम् | अयाचन्त |
| अयाचथाः | अयाचेथाम् | अयाचध्वम् |
| अयाचे | अयाचावहि | अयाचामहि |

### विधिलिङ् लकार

| | | |
|---|---|---|
| याचेत | याचेयाताम् | याचेरन् |
| याचेथाः | याचेयाथम् | याचेध्वम् |
| याचेय | याचेवहि | याचेमहि |

### लृट् लकार

| | | |
|---|---|---|
| याचिष्यते | याचिष्येते | याचिष्यन्ते |
| याचिष्यसे | याचिष्येथे | याचिष्यध्वे |
| याचिष्ये | याचिष्यावहे | याचिष्यामहे |

## २. ग्रह् (लेना, ग्रहण करना)

## (परस्मैपदी)

### लट् लकार

| पुरुष | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | गृह्णाति | गृह्णीतः | गृह्णन्ति |
| **म० पु०** | गृह्णासि | गृह्णीथः | गृह्णीथ |
| **उ० पु०** | गृह्णामि | गृह्णीवः | गृह्णीमः |

### लङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | अगृह्णात् | अगृह्णीताम् | अगृह्णन् |
| **म० पु०** | अगृह्णाः | अगृह्णीतम् | अगृह्णीत |
| **उ० पु०** | अगृह्णाम् | अगृह्णीव | अगृह्णीम |

### लृट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | ग्रहीष्यति | ग्रहीष्यतः | ग्रहीष्यन्ति |
| **म० पु०** | ग्रहीष्यसि | ग्रहीष्यथः | ग्रहीष्यथ |
| **उ० पु०** | ग्रहीष्यामि | ग्रहीष्यावः | ग्रहीष्यामः |

### लोट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | गृह्णातु | गृह्णीताम् | गृह्णन्तु |
| **म० पु०** | गृहाण | गृह्णीतम् | गृह्णीत |
| **उ० पु०** | गृह्णानि | गृह्णाव | गृह्णाम |

## विधिलिङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | गृह्णीयात् | गृह्णीयाताम् | गृह्णीयु: |
| म० पु० | गृह्णीया: | गृह्णीयातम् | गृह्णीयात |
| उ० पु० | गृह्णीयाम् | गृह्णीयाव | गृह्णीयाम |

## (आत्मनेपदी)

## लट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | गृह्णीते | गृह्णाते | गृह्णते |
| म० पु० | गृह्णीषे | गृह्णाथे | गृह्णीध्वे |
| उ० पु० | गृह्णे | गृह्णीवहे | गृह्णीमहे |

## लोट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | गृह्णीताम् | गृह्णीताम् | गृह्णताम् |
| म० पु० | गृह्णीष्व | गृह्णाथाम् | गृह्णीध्वम् |
| उ० पु० | गृह्णै | गृह्णावहै | गृह्णामहै |

## लङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | अगृह्णीत | अगृह्णाताम् | अगृह्णत |
| म० पु० | अगृह्णीथा: | अगृह्णाथाम् | अगृह्णीध्वम् |
| उ० पु० | अगृह्णि | अगृह्णीवहि | अगृह्णीमहि |

## लृट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | ग्रहीष्यते | ग्रहीष्येते | ग्रहीष्यन्ते |
| म० पु० | ग्रहीष्यसे | ग्रहीष्येथे | ग्रहीष्यध्वे |
| उ० पु० | ग्रहीष्ये | ग्रहीष्यावहे | ग्रहीष्यामहे |

## विधिलिङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | गृह्णीत | गृह्णीयाताम् | गृह्णीरन् |
| म० पु० | गृह्णीथा: | गृह्णीयाथाम् | गृह्णीध्वम् |
| उ० पु० | गृह्णीय | गृह्णीवहि | गृह्णीमहि |

## ३. कथ् (कहना)

## (परस्मैपदी)

## लट् लकार

| पुरुष | एकवचन | द्विवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | कथयति | कथयत: | कथयन्ति |
| म० पु० | कथयसि | कथयथ: | कथयथ |
| उ० पु० | कथयामि | कथयाव: | कथयाम: |

## लङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | अकथयत् | अकथयताम् | अकथयन् |
| म० पु० | अकथय: | अकथयतम् | अकथयत |
| उ० पु० | अकथयम् | अकथयाव | अकथयाम |

## लृट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | कथयिष्यति | कथयिष्यत: | कथयिष्यन्ति |
| म० पु० | कथयिष्यसि | कथयिष्यथ: | कथयिष्यथ |
| उ० पु० | कथयिष्यामि | कथयिष्याव: | कथयिष्याम: |

## लोट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | कथयतु | कथयताम् | कथयन्तु |
| म० पु० | कथय | कथयतम् | कथयत |
| उ० पु० | कथयानि | कथयाव | कथयाम |

## विधिलिङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | कथयेत् | कथयेताम् | कथयेयु: |
| म० पु० | कथये: | कथयेतम् | कथयेत |
| उ० पु० | कथयेयम् | कथयेव | कथयेम |

## (आत्मनेपदी)

## लट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | कथयते | कथयेते | कथयन्ते |
| म० पु० | कथयसे | कथयेथे | कथयध्वे |
| उ० पु० | कथये | कथयावहे | कथयामहे |

## लङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | अकथयत | अकथयेताम् | अकथयन्त |
| म० पु० | अकथयथा: | अकथयेथाम् | अकथयध्वम् |
| उ० पु० | अकथये | अकथयावहि | अकथयामहि |

## लृट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | कथयिष्यते | कथयिष्येते | कथयिष्यन्ते |
| म० पु० | कथयिष्यसे | कथयिष्येथे | कथयिष्यध्वे |
| उ० पु० | कथयिष्ये | कथयिष्यावहे | कथयिष्यामहे |

## लोट् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्र० पु० | कथयताम् | कथयेताम् | कथयन्ताम् |
| म० पु० | कथयस्व | कथयेथाम् | कथयध्वम् |
| उ० पु० | कथयै | कथयावहै | कथयामहै |

### विधिलिङ् लकार

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्र० पु०** | कथयेत | कथयेयाताम् | कथयेरन् |
| **म० पु०** | कथयेथाः | कथयेयाथाम् | कथयेध्वम् |
| **उ० पु०** | कथयेय | कथयेवहि | कथयेमहि |

## अभ्यास-प्रश्न

**(क) १. किसी एक धातु का रूप लिखिए–**

(अ) 'पठ्' धातु का लट् लकार उत्तम पुरुष एकवचन तथा द्विवचन में।

(आ) 'गम्' धातु का लोट् लकार मध्यम पुरुष द्विवचन तथा बहुवचन में।

(इ) 'शक्' धातु (परस्मैपद) विधिलिङ् लकार प्रथम पुरुष एकवचन तथा बहुवचन में।

**२. निम्नलिखित में से किसी एक धातु का रूप लिखिए–**

(अ) 'प्रच्छ' धातु विधिलिङ् लकार उत्तम पुरुष के तीनों वचन।

(आ) 'गम्' धातु लट् लकार उत्तम पुरुष एकवचन।

(इ) 'अस्' धातु लृट् लकार प्रथम पुरुष एकवचन व बहुवचन।

**३. 'शक्' धातु लट् लकार उत्तम पुरुष के एकवचन तथा द्विवचन में क्या रूप होगा?**

**४. निम्नलिखित धातुओं के रूप लिखिए–**

(अ) 'प्रच्छ' धातु लट् लकार, मध्यम पुरुष एकवचन।

(आ) 'गम्' धातु लृट् लकार, प्रथम पुरुष एकवचन।

**५. निम्नलिखित में से किसी एक धातु का रूप लिखिए–**

(अ) 'पठ्' धातु का लोट् लकार उत्तम पुरुष द्विवचन तथा बहुवचन में।

(आ) 'अस्' धातु का लङ् लकार मध्यम पुरुष एकवचन तथा द्विवचन में।

(इ) 'प्रच्छ' धातु का लट् लकार प्रथम पुरुष एकवचन तथा द्विवचन में।

**६. किसी एक धातु का रूप लिखिए–**

(अ) 'लभ्' धातु का लङ् लकार उत्तम पुरुष द्विवचन तथा बहुवचन में।

(आ) 'याच' धातु का लट् लकार मध्यम पुरुष द्विवचन तथा बहुवचन में।

(इ) 'कथ्' धातु (परस्मैपद) विधिलिङ् लकार प्रथम पुरुष एकवचन तथा बहुवचन में।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए–**

**१. 'पठामः' धातु रूप का पुरुष व वचन है–**

(अ) प्रथम पुरुष बहुवचन (ब) मध्यम पुरुष एकवचन

(स) उत्तम पुरुष बहुवचन(द) प्रथम पुरुष एकवचन।

**२. 'अस्ति' किस लकार का रूप है?**

(अ) लृट् (ब) लट् (स) लङ् (द) लोट्

**३. 'एधि' रूप किस लकार का है?**

(अ) लृट् का (ब) लङ् का (स) विधिलिङ्ग का (द) लोट् का

**४. 'गमिष्यति' किस लकार का रूप है?**

(अ) लट् (ब) लङ् (स) लृट् (द) लोट्

**५. लृट् लकार सम्बन्धित है–**

(अ) वर्तमान काल से (ब) भविष्यत् काल से

(स) आज्ञार्थक से (द) भूतकाल से।

**६. 'प्रक्ष्यति' किस लकार का रूप है?**

(अ) लोट् लकार (ब) लृट् लकार (स) लट् लकार (द) लङ् लकार

**७. 'पठामः' धातु-रूप का पुरुष व वचन है–**

(अ) प्रथम पुरुष, बहुवचन (ब) मध्यम पुरुष, एकवचन

(स) उत्तम पुरुष, बहुवचन (द) प्रथम पुरुष, एकवचन

**८. 'गमिष्यामि' धातुरूप का पुरुष और वचन है–**

(अ) प्रथम पुरुष, बहुवचन (ब) मध्यम पुरुष, एकवचन

(स) उत्तम पुरुष, एकवचन (द) प्रथम पुरुष, बहुवचन

**९. 'अपठत्' रूप किस लकार का है?**

(अ) लट् लकार का (ब) लोट् लकार का

(स) लङ् लकार का (द) विधिलिङ् लकार का

**१०. 'पठत' किस लकार का रूप है?**

(अ) लट् (ब) लोट् (स) विधिलिङ् (द) लङ्

**११. 'पृच्छानि' रूप किस लकार का है?**

(अ) लट् लकार (ब) लोट् लकार (स) लृट् लकार (द) लङ् लकार

**१२. 'गृह्णाति' धातु रूप का पुरुष व वचन है–**

(अ) प्रथम पुरुष एकवचन (ब) मध्यम पुरुष एकवचन

(स) उत्तम पुरुष द्विवचन (द) इनमें से कोई नहीं

**१३. 'गच्छेव' किस पुरुष और वचन का रूप है?**

(अ) प्रथम पुरुष बहुवचन (ब) मध्यम पुरुष बहुवचन

(स) उत्तम पुरुष एकवचन (द) उत्तम पुरुष द्विवचन

**१४. 'भविष्यति' रूप किस लकार का है?**

(अ) लट् (ब) लोट् (स) लङ् (द) लृट्

**१५. 'गच्छतु' रूप किस लकार का है?**

(अ) लोट् (ब) विधिलिङ् (स) लङ् (द) लृट्

**१६. गच्छानि रूप किस लकार का है?**

(अ) लट्लकार (ब) लोट्लकार (स) लृट्लकार (द) लङ्लकार

**१७. 'पृच्छामः' रूप में पुरुष एवं वचन लिखिए।**

(अ) उत्तम पुरुष बहुवचन (ब) प्रथम पुरुष बहुवचन

(स) मध्यम पुरुष बहुवचन (द) उत्तम पुरुष एकवचन

**१८. पठेयुः किस लकार का रूप है?**

(अ) लट्लकार (ब) लोट्लकार
(स) लृट्लकार (द) विधिलिङ् लकार

**१९. पठिष्यति रूप किस लकार का है?**

(अ) लट् का (ब) लृट् का (स) लोट् का (द) लङ् का

**२०. 'गच्छेयम्' रूप किस लकार का है?**

(अ) लट् लकार (ब) लृट् लकार
(स) लोट् लकार (द) विधिलिङ् लकार

**२१. पठन्तु किस लकार के किस पुरुष व वचन का रूप है?**

(अ) लोट्लकार प्रथम पुरुष बहुवचन (ब) लङ्लकार प्रथम पुरुष बहुवचन
(स) लट्लकार प्रथम पुरुष बहुवचन (द) लट्लकार मध्यम पुरुष बहुवचन

**२२. 'गच्छन्तु' रूप किस लकार का है?**

(अ) लट्लकार (ब) लृट्लकार (स) लोट्लकार (द) विधिलिङ्लकार

**२३. 'अस्ति' रूप 'दा' धातु के लट्लकार के किस वचन का है?**

(अ) एकवचन (ब) द्विवचन (स) बहुवचन (द) इनमें से कोई नहीं

**२४. पृच्छेयुः किस लकार का रूप है?**

(अ) लट् (ब) लोट् (स) विधिलिङ् (द) लृट्

**२५. 'अगच्छताम्' किस विभक्ति व वचन का रूप है?**

(अ) प्रथम पुरुष द्विवचन (ब) मध्यम पुरुष एकवचन
(स) मध्यम पुरुष द्विवचन (द) उत्तम पुरुष एकवचन

**२६. 'भविष्यामि' रूप किस लकार का है?**

(अ) लट्लकार (ब) लोट्लकार (स) लृट्लकार (द) लङ्लकार

**२७. 'गच्छेत्' रूप किस लकार का है?**

(अ) लृट् (ब) विधिलिङ (स) लोट् (द) लङ्

**२८. 'अस्तु' किस लकार के किस पुरुष का रूप है?**

(अ) लोट्लकार प्रथम पुरुष (ब) लट्लकार मध्यम पुरुष
(स) लङ्लकार मध्यम पुरुष (द) विधिलिङ्लकार प्रथम पुरुष

**२९. 'असानि' रूप किस लकार का है?**

(अ) लट्लकार (ब) लोट्लकार (स) लृट्लकार (द) विधिलिङ्लकार

**३०. 'स्युः' रूप किस लकार के किस पुरुष तथा किस वचन का है?**

(अ) लट्लकार, प्रथम पुरुष, बहुवचन (ब) लोट्लकार, मध्यम पुरुष, बहुवचन
(स) लृट्लकार, उत्तम पुरुष, बहुवचन (द) विधिलिङ्लकार, प्रथम पुरुष, बहुवचन

**३१. 'एधि' किस लकार के किस पुरुष व वचन का रूप है?**

(अ) लोट्लकार, मध्यम पुरुष, एकवचन (ब) लृट्लकार, मध्यम पुरुष, एकवचन
(स) लृट्लकार, उत्तम पुरुष, एकवचन (द) विधिलिङ्लकार, उत्तम पुरुष, एकवचन

**३२. 'स्तः' रूप किस लकार का है?**

(अ) लट्लकार (ब) लोट्लकार (स) लृट्लकार (द) लङ्लकार

**३३. 'लभेम्' रूप में पुरुष व वचन बताइए–**

(अ) मध्यम पुरुष, एकवचन (ब) उत्तम पुरुष, बहुवचन

(स) मध्यम पुरुष, बहुवचन (द) उत्तम पुरुष, एकवचन

**३४. 'आसीत्' रूप किस लकार का है?**

(अ) लट्लकार (ब) लोट्लकार (स) लङ्लकार (द) लृट्लकार

**३५. 'पृच्छन्ति' रूप किस लकार के किस पुरुष व वचन का है?**

(अ) लङ्लकार, प्रथम पुरुष, एकवचन (ब) लृट्लकार, प्रथम पुरुष, बहुवचन

(स) लृट्लकार, मध्यम पुरुष, एकवचन (द) लोट्लकार, उत्तम पुरुष, द्विवचन

**३६. 'पृच्छेव' किस पुरुष व वचन का रूप है?**

(अ) प्रथम पुरुष, एकवचन (ब) मध्यम पुरुष, एकवचन

(स) उत्तम पुरुष, एकवचन (द) उत्तम पुरुष, द्विवचन

●●●